यूनिक समय

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त

यूनिकॉम एडवरटाइजिंग

Sweety BY MR GROUP Presents

Unique Samay Update

uniquesamay.com

शुभ धनतेरस

वर्ष-4 | अंक-252 | सांध्य दैनिक | मथुरा/आगरा संभाग, गुरुवार, 5 नवंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

गधागनी ज्वैलर्स

20%* OFF
on Making Charges on GOLD Jewellery*

21%* OFF
on Diamond Value*
+
0* Making Charges on Diamond Jewellery*

THIS DIWALI, CELEBRATE THE ART OF ELEGANCE.

MARK THE FESTIVE SEASON WITH BEAUTIFUL DESIGNS AND TIMELESS CRAFTSMANSHIP.

HAPPY DHANTERAS

T&C APPLY

NEW OUTLET NOW OPEN AT HOLI GATE

SHOP | SPARKLE | WIN
Grand Lucky Draw

Krishna Nagar
61-C, Krishna Nagar (Bhuteshwar Road),
Mathura, Uttar Pradesh - 281001

Holigate
Agra Road, Outside Holigate,
Mathura, Uttar Pradesh - 281001

+91 80774 03366



वर्ष-4 | अंक-252 | सांध्य दैनिक | मथुरा/आगरा संभाग, गुरुवार, 5 नवंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

दो हजार रुपये का लालच देकर मोबाइल में सेंध लगा रहे साइबर ठग

यूनिक समय, मथुरा। साइबर ठगों ने लोगों को जाल में फंसाने का नया तरीका निकाल लिया है। व्हाट्सएप पर दो हजार रुपये मिलने का लालच देकर एक संदिग्ध लिंक भेजा जा रहा है। संदेश में लिखा है– 'मुझे लगा था फेक है, पर सच में दो हजार रुपये मिल गए, तुम लोग भी ट्राई करो!' रुपये मिलने की उम्मीद में लोग लिंक खोल रहे हैं और इसके बाद उनके मोबाइल से संपर्कों में दर्ज दूसरे नंबरों पर भी यही फर्जी संदेश अपने आप पहुंच रहा है। परिचित के नंबर से संदेश आने के कारण लोग आसानी से ठगों के जाल में फंस रहे हैं।

संदिग्ध लिंक की शुरुआती तकनीकी जांच में इसका डोमेन सर्वर अमेरिका से संचालित होने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि यह डोमेन करीब पांच महीने पहले बनाया गया था।



मोबाइल पर आया दो हजार मिलने का संदेश।

व्हाट्सएप पर वायरल हो रहा संदिग्ध लिंक, क्लिक करते ही संपर्कों को अपने आप पहुंच रहा फर्जी संदेश

कम समय में ही लिंक कई मोबाइल तक पहुंच चुका है। आशंका है कि साइबर अपराधी इसके जरिये मोबाइल का डाटा चुराने या डिवाइस तक पहुंच बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

साइबर विशेषज्ञों के मुताबिक, ऐसे लिंक फिशिंग और मालवेयर के जरिये मोबाइल में मौजूद निजी जानकारियां हासिल करने के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं। इससे बैंकिंग विवरण, पासवर्ड और अन्य संवेदनशील डाटा खतरे में पड़ सकता है।

हालांकि, लिंक खोलने मात्र से मोबाइल का पूरा नियंत्रण ठगों के हाथ में जाने की पुष्टि अभी जांच का विषय है।

परिचित के नंबर से आए संदेश पर भी न करें भरोसा

साइबर सेल ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। लोगों को सलाह दी गई है कि दो हजार रुपये या इनाम का लालच देने वाले लिंक पर क्लिक न करें। परिचित के नंबर से ऐसा संदेश आने पर भी पहले फोन करके पुष्टि करें। संदिग्ध लिंक को आगे न भेजें। मोबाइल में असामान्य गतिविधि दिखने पर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करें।

– श्लोक कुमार, एसएसपी।

हाईवे से उछलकर खेत में गिरी कार बाबा-बेटे और नाती की मौत


गुरुवार को हुए हादसे के बाद मौके पर जमा ग्रामीण।


जवाहर सिंह हरवीर सिंह अंकित सिंह के फाइल फोटो।

यूनिक समय, मथुरा। राया थाना क्षेत्र में बरेली हाईवे पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार लाल रंग की स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर हाईवे से उछलती हुई खेत में जा गिरी। खेत में काम कर रहे एक ही परिवार के तीन लोगों को कार ने रौंद दिया। हादसे में बाबा, बेटा और नाती की मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद गांव गज्जू में शोक की लहर दौड़ गई।

गांव गज्जू निवासी जवाहर सिंह (75) का खेत बरेली हाईवे से करीब 100 मीटर दूर है। गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे वह अपने बेटे रणवीर (37) और नाती अंकित (27) के साथ खेत में काम कर रहे थे। जवाहर सिंह शिक्षक पद से सेवानिवृत्त थे। बताया गया कि इसी दौरान हाईवे के ढलान से तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हवा में उछलती हुई खेत में पहुंच गई और तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई।

हादसे के बाद कार चालक क्षतिग्रस्त वाहन में बुरी तरह फंस गया।

घटनास्थल का दृश्य देखकर ग्रामीण सहम गए। सूचना पर राया थाना पुलिस, सीओ महावन और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। चालक को कार से निकलवाकर अस्पताल भिजवाया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई गई। पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। हादसे की सूचना पर एसपीआरए आलोक राजनारायण सिंह और एडीएम प्रशासन अवनीश कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। तहसीलदार मांट रंजीत सिंह सचान अपनी टीम के साथ पोस्टमार्टम गृह पर मौजूद रहे।

खेत में काम कर रहे थे तीनों, कार चालक की हालत गंभीर

गांव गज्जू में पसरा मातम एसपीआरए और एडीएम प्रशासन ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

पूर्व मंत्री ने परिजनों को बंधाया ढांढस

हृदयविदारक हादसे की जानकारी मिलने पर पूर्व शिक्षा मंत्री-कांग्रेस नेता श्याम सुंदर शर्मा पोस्टमार्टम गृह पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। पोस्टमार्टम गृह पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिचित मौजूद रहे।

धनतेरस से छठ तक मथुरा में 24 घंटे मिलेगी बिजली

यूनिक समय, मथुरा। दीपावली और छठ पर्व पर बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने वाली है। प्रमुख सचिव ऊर्जा रणवीर प्रसाद ने त्योहारों के दौरान मथुरा-वृंदावन सहित समूचे जिले में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। धनतेरस से छठ पूजा तक बिजली कटौती पर सख्त रोक रहेगी। तकनीकी खराबी आने पर तत्काल आपूर्ति बहाल कराई जाएगी।

प्रमुख सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान किसी भी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए।

इसके मद्देनजर मथुरा जिले में भी बिजलीघरों, ट्रांसफार्मरों और आपूर्ति लाइनों की निगरानी बढ़ानी होगी। बाजारों और घरों में सजावट और धार्मिक आयोजनों के चलते बिजली की मांग बढ़ने की संभावना को देखते हुए विभाग को पहले से व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य अभियंता राजीव गर्ग ने बताया कि बिजली लाइनों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। ढीले तारों और झुके बिजली के पोल को तत्काल ठीक कराया जाएगा। घरों की छतों के पास से गुजर रहे तारों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्थित करने के साथ स्कूलों की छतों के ऊपर से गुजरने वाले तारों को भी हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए डिस्कॉम और जिला स्तर पर कंट्रोल रूम सक्रिय रहेंगे। हेल्पलाइन नंबर 1912 पर मिलने वाली शिकायतों की नियमित निगरानी होगी। संबंधित अवर अभियंताओं को शिकायत मिलते ही प्राथमिकता से समाधान कराने के निर्देश दिए गए हैं।

ढीले तार और झुके बिजली के पोल तत्काल होंगे दुरुस्त

1912 हेल्पलाइन पर होगी शिकायतों की निगरानी


सुरक्षा का भरोसा दिलाने सड़कों पर उतरे एसएसपी


कृष्णा नगर क्षेत्र के बाजार में एसएसपी श्लोक कुमार व सीओ सिटी आशना चौधरी व पुलिस टीम के साथ भ्रमण करते हुए।

यूनिक समय, मथुरा। त्योहारों की रौनक के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आई। आतंकी धमकी और दीपावली के मद्देनजर गुरुवार देर शाम एसएसपी श्लोक कुमार भारी पुलिस बल और डॉग स्क्वॉड के साथ सड़क पर उतरे। उन्होंने शहर के प्रमुख मार्गों और कृष्णानगर क्षेत्र में पैदल गश्त कर व्यापारियों एवं आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस अधिकारियों की इस सक्रियता से बाजारों में लोगों का ध्यान गश्त की ओर खिंच गया। एसएसपी ने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रमुख बाजारों और व्यस्त इलाकों का भ्रमण किया। इस दौरान सीओ सिटी आशना चौधरी समेत महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने रास्तों पर पैदल चलते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती। त्योहारों के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस भी सक्रिय रही। जाम की स्थिति से बचने के लिए प्रमुख रास्तों पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त कराया गया। सड़कों पर उतरकर एसपी सिटी राजीव कुमार एवं स्थानीय पुलिस फोर्स के साथ रोड़ पर उतरकर पैदल मार्च किया। एसएसपी की अगुवाई में निकले पुलिस बल को देखकर बाजारों में लोगों की निगाहें अधिकारियों पर टिक गईं।

कृष्णा नगर में किया पैदल मार्च


भारी पुलिस बल के साथ बाजारों में पहुंचे अधिकारी



पुराने एफओबी से सीधे प्लेटफार्म छह पर पहुंच सकेंगे यात्री

यूनिक समय, मथुरा। मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या छह पर पहुंचने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। अब यात्रियों को प्लेटफार्म संख्या छह तक पहुंचने के लिए नए फुट ओवर ब्रिज का लंबा और घुमावदार चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। रेलवे बोर्ड ने पुराने फुट ओवर ब्रिज को सीधे प्लेटफार्म संख्या छह से जोड़ने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद स्टेशन पर यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलने की उम्मीद है। परियोजना की टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

मथुरा जंक्शन पर पुराने फुट ओवर ब्रिज से प्लेटफार्म संख्या छह पर जाने का सीधा रास्ता नहीं होने के कारण



यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

संख्या छह पर पहुंचने के लिए यात्रियों को नए फुट ओवर ब्रिज की ओर जाना पड़ता है। इसके बाद लंबे और घुमावदार रास्ते से होकर प्लेटफार्म तक पहुंचना पड़ता है। इस प्रक्रिया में यात्रियों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है और उनका समय भी बर्बाद होता है।

सबसे अधिक परेशानी उन यात्रियों

यात्रियों को नए फुट ओवर ब्रिज का चक्कर लगाने से मिलेगी मुक्ति

प्रस्ताव को मिली मंजूरी टेंडर प्रक्रिया होने के बाद शुरू होगा काम

को होती है, जिन्हें ट्रेन पकड़ने की जल्दी होती है। नए फुट ओवर ब्रिज का रास्ता घुमावदार होने के कारण कई बार यात्री भ्रमित हो जाते हैं और उन्हें प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए रास्ता तलाशना पड़ता है। बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और भारी सामान लेकर चलने वाले यात्रियों के लिए यह परेशानी और भी बढ़ जाती है। कई बार यात्रियों को समय पर प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए अनावश्यक भागदौड़ भी करनी पड़ती है।

यात्रियों की इस समस्या को देखते हुए पुराने फुट ओवर ब्रिज को प्लेटफार्म संख्या छह से जोड़ने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। अब रेलवे बोर्ड से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। इससे पुराने फुट ओवर ब्रिज से आने वाले यात्रियों को सीधे प्लेटफार्म संख्या छह तक पहुंचने का रास्ता उपलब्ध हो सकेगा। इसके लिए अलग से संपर्क मार्ग तैयार किया जाएगा।

स्टेशन निदेशक सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि प्लेटफार्म संख्या छह को पुराने फुट ओवर ब्रिज से जोड़ने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। इसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद काम शुरू हो जाएगा।



धनतेरस पर बांके बिहारी मंदिर में बदलेगा सिंहासन, सजेगी हटरी

यूनिक समय, वृंदावन। दीपावली पर्व की शुरुआत के साथ ही धर्मनगरी में उत्सव की छटा बिखरने लगी है। धनतेरस पर विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में विशेष धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया जाएगा। इस दिन ठाकुरजी का सिंहासन बदला जाएगा और मंदिर में पारंपरिक रूप से आकर्षक हटरी सजाई जाएगी। ठाकुरजी के विशेष श्रृंगार और सजावट के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में खास उत्साह रहता है। धनतेरस पर मंदिर में दीपदान की भी विशेष परंपरा है। हालांकि, इस बार दीपदान की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। पहले मंदिर के गर्भगृह में दीपक जलाए जाते थे, लेकिन नई व्यवस्था के तहत गर्भगृह में दीपक नहीं जलाए जाएंगे। इसके स्थान पर ठाकुर श्री बांके बिहारी जी के सम्मुख एक दीपक प्रज्वलित कर रखा जाएगा। धनतेरस से लेकर दीपावली तक वृंदावन में धार्मिक आयोजनों की विशेष रौनक रहती है। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र को दीपों और आकर्षक रोशनी से सजाया जाता है।

देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु ठाकुरजी के दर्शन के लिए वृंदावन पहुंचते हैं। इससे मंदिर के आसपास के बाजारों में भी चहल–पहल बढ़ जाती है। कार्तिक मास की धार्मिक महत्ता के बीच बांके बिहारी मंदिर में सिंहासन परिवर्तन, हटरी सजावट और दीपदान की परंपराएं धनतेरस के उत्सव को विशेष बनाती हैं।

कूड़ा डालने के विवाद में दुकान पर मारपीट, महिला से अभद्रता

यूनिक समय, मथुरा। कोतवाली क्षेत्र की माधवपुरी कॉलोनी में कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। आरोप है कि पड़ोसी अपने परिजनों के साथ दुकान पर पहुंचा और वहां मारपीट करने के साथ महिला से अभद्रता की। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। माधवपुरी निवासी निधि गुप्ता पत्नी विनय गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पड़ोसी अनूप कुमार गुप्ता से कूड़ा डालने को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि इसके बाद अनूप कुमार गुप्ता और अखिल कुमार गुप्ता अपने परिवार के सदस्यों के साथ उनकी दुकान पर पहुंच गए। वहां उनके साथ मारपीट की गई और अभद्रता की गई। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

भरतिया झगड़े का वांछित आरोपी गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। बलदेव पुलिस ने गांव भरतिया में दो पक्षों के बीच हुए हिंसक विवाद में फायरिंग और पथराव के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गांव भरतिया में 22 अक्टूबर को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान दोनों ओर से फायरिंग और पथराव किया गया था। मामले में वांछित चल रहे जीतू उर्फ जितेंद्र निवासी किशनपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे तहसील महावन से गोकुल जाने वाले मार्ग से पकड़ा।





खालिस्तानी धमकी के बाद मथुरा में सुरक्षा कड़ी, पुलिस अलर्ट



जंक्शन पर चेकिंग करते जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह।



स्वान दस्ते के साथ सामान की चेकिंग करते आरपीएफ के जवान

संवेदनशील इलाकों में पिकेट तैनात, बाजारों और धार्मिक स्थलों पर निगरानी

बम धमाकों की धमकी के बाद जंक्शन का सुरक्षा घेरा कसा

रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के लिए लगाई गई पिकेट ड्यूटी

लम्बी दूरी की ट्रेनों पर रखी जा रही सतर्क निगाह

यूनिक समय, मथुरा। खालिस्तानी आतंकियों की धमकी और त्योहारों के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एसएसपी श्लोक कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को सतर्कता बरतने और अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त करने के निर्देश दिए हैं।

संवेदनशील इलाकों में पुलिस पिकेट तैनात की गई हैं। प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस निगरानी बढ़ाई गई है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर नजर रखने को कहा गया है। त्योहारों में बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया है। पुलिस का उद्देश्य त्योहारों के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। खालिस्तानी समर्थक द्वारा ई-मेल के माध्यम से दी गई धमकी के बाद जंक्शन रेलवे स्टेशन का सुरक्षा घेरा कस गया है। रेलवे ट्रैक पर गश्त बढ़ा दी गई है। लंबी दूरी की ट्रेनों पर सतर्क निगाह रखी जा रही है।

मथुरा, काशी और अयोध्या के मंदिरों को बम से उड़ाने की धमकी का ई-मेल मिलने के बाद जंक्शन रेलवे स्टेशन पर गश्त बढ़ा दी गई है। जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीमें निरंतर चेकिंग में जुटी हैं। जंक्शन पहुंचने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों पर सतर्क निगाह रखी जा रही है। संदिग्धों की तलाशी ली जा रही है। इसके साथ ही रेलवे ट्रैक पर जीआरपी के जवान गश्त कर रहे हैं।

जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि खालिस्तान समर्थकों द्वारा भेजे गए धमकी भरे ई-मेल के बाद उच्चाधिकारियों ने सुरक्षा एलर्ट जारी किया है। जंक्शन रेलवे स्टेशन पर लगातार चेकिंग की जा रही है। रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के लिए दो-दो सिपाहियों की पिकेट लगाई गई है। सर्कुलेटिंग एरिया में बिना चेकिंग के किसी भी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। वाहन पार्किंग में खड़े होने वाले वाहनों को भी चेक किया जा रहा है।

डॉग स्क्वाड के स्वान मैक्स ने मथुरा जंक्शन पर की सघन चेकिंग

यूनिक समय, मथुरा। आगामी त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ ने गुरुवार को जंक्शन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। रेलवे सुरक्षा बल के प्रशिक्षित डॉग स्क्वाड के स्वान मैक्स की मदद से प्लेटफार्म संख्या 1, 2, 3 और 8 सहित जनरल व स्लीपर वेटिंग हॉल, पार्सल कार्यालय, पार्किंग, सर्कुलेटिंग एरिया और फुट ओवर ब्रिज की जांच की गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, लावारिस वस्तुओं, वाहनों और पार्सल पर विशेष निगरानी रखी गई। अभियान में उप निरीक्षक सुजीत सिंह चंदेल, तुलसी प्रसाद सरोज, सूरज मीना, एएसआई मदनलाल सहित आरपीएफ व आरपीएसएफ के जवान मौजूद रहे।



यम द्वितीया से पहले डीएम एसएसपी ने परखे घाटों के इंतजाम



यम द्वितीया पर्व को को लेकर यमुना घाट का निरीक्षण करते डीएम और एससएपी।

यूनिक समय, मथुरा। यम द्वितीया पर्व पर श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए डीएम चंद्रप्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने गुरुवार को यमुना के प्रमुख घाटों का संयुक्त निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विश्राम घाट, बंगाली घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर सुरक्षा, बैरिकेडिंग, साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया।

डीएम ने कहा कि यम द्वितीया पर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु मथुरा पहुंचकर यमुना में स्नान करते हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे सुगमता से स्नान कर सकें, इसके लिए संबंधित विभागों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। घाटों पर सुरक्षा और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

स्नान के दौरान सुरक्षा बैरिकेडिंग और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर जोर

एसएसपी श्लोक कुमार ने पुलिस अधिकारियों को घाटों और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्नान के दौरान गोताखोरों की तैनाती, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, चेंजिंग रूम और बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके।

फैक्ट्री में चोरी करते दो युवक पकड़े, पुलिस के हवाले

यूनिक समय, मथुरा। आगरा-दिल्ली हाईवे एनएच-19 पर गोकुल रेस्टोरेंट के पास स्थित एक फैक्ट्री में चोरी करते दो युवकों को चौकीदार ने रंगे हाथ पकड़ लिया। दोनों युवक फैक्ट्री में लगे एसी के कॉपर वायर काटकर प्लास्टिक के कट्टे में भर रहे थे।

बाद में उन्हें चोरी के सामान और औजारों सहित पुलिस के हवाले कर दिया गया। मसानी रोड निवासी कल्यानदास अग्रवाल ने गोविंदनगर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी पत्नी सुधा अग्रवाल की फैक्ट्री पिछले कुछ दिनों से बंद पड़ी है। फैक्ट्री में लगे एसी और अन्य सामान की चोरी हो रही थी। चार नवंबर को दो युवक फैक्ट्री में घुसकर चोरी करने लगे। इसी दौरान आवाज सुनकर चौकीदार गिरवर मौके पर पहुंच गया और दोनों को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम शैलेन्द्र निवासी धोबी पाड़ा, सदर बाजार और लोकेन्द्र निवासी इन्द्रपुरी कॉलोनी, कोतवाली मथुरा बताए। पुलिस ने पांच नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जमीनी विवाद में घायल ग्रामीण ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

यूनिक समय, मथुरा। गोवर्धन थाना क्षेत्र के गांव जचौंदा में एक माह पूर्व जमीन के विवाद में लाठी-सरियों से हुए हमले में घायल ग्रामीण की गुरुवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गांव निवासी निनुआ का खेत की जमीन को लेकर बृज किशोर के परिवार से मुकदमा चल रहा था। आरोप है कि करीब एक माह पहले मुकदमे की तारीख पर जाते समय निनुआ और उसके पुत्र नेत्रपाल पर बृज किशोर और उसके पुत्रों सहित आधा दर्जन लोगों ने लाठी-सरियों से हमला कर दिया था। हमले में पिता–पुत्र गंभीर घायल हो गए थे। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार को निनुआ ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

यूनिक समय, मथुरा। थाना हाईवे क्षेत्र में अड़की मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर घायल हो गया, जबकि पत्नी को मामूली चोटें आईं। मामले में घायल के भाई सुभाष ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुभाष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 अगस्त को उनका बड़ा भाई फिरोज खान पत्नी रीना के साथ गांव खामनी से अपनी ससुराल अड़की जा रहा था। दोपहर करीब एक बजे उनकी बाइक सीओडी बाउंड्री अड़की मार्ग के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज गति में आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में फिरोज को गंभीर चोटें आईं, जबकि रीना को मामूली चोट लगी।

यूनिक समय

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक–पवन गौतम

फोन नंबर-0565-3550761

मो. 9837155888

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।





फरह में गूल पर कब्जे को लेकर दो पक्ष भिड़े, फायरिंग

दो दिन से चल रहा विवाद, पुलिस ने दोनों पक्षों के आरोपियों को शांति भंग में पकड़ा



गांव बिसू में फायरिंग और विवाद के बाद मौजूद पुलिस और ग्रामीण।

यूनिक समय, मथुरा। थाना फरह क्षेत्र के गांव बिसू में खेतों के बीच सिंचाई के लिए बनी सरकारी गूल पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद गहरा गया है। दो दिन से चल रहे विवाद के दौरान फायरिंग होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हालांकि पुलिस ने गोली चलने की घटना से इनकार किया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के एक–एक व्यक्ति को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गांव बिसू निवासी अजय और रवि के खेत आसपास हैं। दोनों खेतों के बीच सिंचाई के लिए सरकारी गूल बनी हुई है। दोनों पक्ष गूल को अपने-अपने खेत में बताते हुए उस पर अधिकार जताते हैं। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, बुधवार को भी दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था और फायरिंग की गई थी। गुरुवार को एक बार फिर दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए। इस दौरान भी फायरिंग होने की बात सामने आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अजय और रवि को पकड़ लिया। एक ट्रैक्टर को भी पुलिस ले आई। दोनों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि गूल को लेकर दोनों पक्षों के बीच लगातार बढ़ रहे विवाद से किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर चिंता है कि समय रहते विवाद का स्थायी समाधान नहीं कराया गया तो स्थिति और बिगड़ सकती है। वहीं, पुलिस फायरिंग से इन्कार कर रही है।



हीराताल परिसर में पलटा ट्रैक्टर, चार बच्चे घायल



पलटे ट्रैक्टर को देखते ग्रामीण।

खेत से खाद डालकर लौट रहा था ट्रैक्टर मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटा

यूनिक समय, सुरीर। थाना मांट क्षेत्र में गढ़ी बालकिशन रोड स्थित हीराताल परिसर में रविवार को एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से चार बच्चे घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने दौड़कर बच्चों को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार, नसीटी रोड निवासी महेश का ट्रैक्टर खेत में खाद पहुंचाकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान हीराताल परिसर में एक मोड़ पर ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे चार बच्चे दब गए। हादसा देख आसपास मौजूद लोग मदद के लिए दौड़े और काफी मशक्कत के बाद बच्चों को बाहर निकाला। हीराताल के सेवादार चरण सिंह की सूचना पर पुलिस और पीआरवी मौके पर पहुंच गई। घायल बच्चों को पहले नसीटी रोड स्थित एक अस्पताल ले जाया गया। हालत को देखते हुए परिजन बेहतर उपचार के लिए चारों को मथुरा के निजी अस्पताल ले गए। घायल बच्चों की पहचान बंटी पुत्र दशरथ, विष्णु पुत्र थूल्ला, सौरभ पुत्र बाबू और पुष्पेंद्र पुत्र बाबू के रूप में हुई है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा।



कार की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर घायल, उपचार के दौरान काटा पैर

नरहौली तिराहे पर हुआ हादसा, घायल की पत्नी की रास्ते में मौत

यूनिक समय, मथुरा। थाना हाईवे क्षेत्र के नरहौली तिराहे पर गोवर्धन पैलेस के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती गंभीर घायल हो गए। हादसे में घायल बुजुर्ग का उपचार के दौरान एक पैर काटना पड़ा, जबकि उनकी पत्नी की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

औरंगाबाद की गुलधाम कॉलोनी निवासी पवन कुमार ने थाना हाईवे में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को दोपहर उनके पिता वीरे सिंह और मां धर्मवती मोटरसाइकिल से गोवर्धन से मथुरा आ रहे थे। नरहौली तिराहे पर गोवर्धन पैलेस के पास तेज गति और लापरवाही से आ रहे कार चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए।

राहगीरों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर उन्हें नोएडा ले जाया जा रहा था। इसी दौरान चांदपुर खुर्द के पास एक्सप्रेसवे पर मां धर्मवती की मौत हो गई। पिता वीरे सिंह का नोएडा में उपचार चल रहा है। चिकित्सकों को उनका एक पैर काटना पड़ा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में चमका जीएलए, एशिया में 491वीं रैंक

यूनिक समय, मथुरा। जीएलए विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मंच पर अपनी पहचान मजबूत करते हुए क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एशिया के 6342 सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के बीच जीएलए को 491वीं रैंक मिली है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने दक्षिण एशिया में 123वां, भारत में 65वां और उत्तर प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के साथ जीएलए एशिया के शीर्ष 500 विश्वविद्यालयों में शामिल हो गया है।

विश्वविद्यालय प्रबंधन के अनुसार, यह उपलब्धि 29 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में किए गए प्रयासों का परिणाम है। जीएलए देश का प्रथम माइक्रोसॉफ्ट जेनएआई कैंपस और उत्तर भारत का प्रथम गूगल एजेंटिक एआई यूनिवर्सिटी होने का गौरव भी रखता है। प्लेसमेंट के क्षेत्र में वर्तमान बैच को 3200 से अधिक जॉब ऑफर मिले हैं। विद्यार्थियों को 60 लाख रुपये तक का उच्चतम पैकेज मिला है, जबकि पिछले


नारायण दास अग्रवाल

पांच वर्षों में औसतन 86 प्रतिशत प्लेसमेंट रहा है।

दक्षिण एशिया में 123वां और देश में 65वां स्थान हासिल कर बढ़ाया ब्रज का गौरव

अनुसंधान के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के 14 हजार से अधिक शोध प्रकाशन, 110 से अधिक पेटेंट, 900 से अधिक फैकल्टी सदस्य, 157 अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और 14 रिसर्च सेंटर हैं। विश्वविद्यालय के 39 फैकल्टी सदस्य स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हैं। इसके अलावा 65 से अधिक स्टार्टअप को वित्तीय सहयोग और 120 से अधिक वैश्विक शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी की गई है। कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह वर्षों के समर्पण, दूरदर्शी सोच और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। ब्रज की धरती पर स्थापित विश्वविद्यालय का एशिया के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में स्थान बनाना गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ अनुसंधान, नवाचार और आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करना विश्वविद्यालय का लक्ष्य है।

कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता, सीईओ नीरज अग्रवाल, मुख्य वित्त अधिकारी डॉ. विवेक अग्रवाल, कुलसचिव अशोक कुमार सिंह और आईक्यूएसी निदेशक प्रो. विशाल गोयल सहित विश्वविद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

एकादशी पर गौरी गोपाल आश्रम में खीर प्रसादी का वितरण

यूनिक समय, मथुरा। अन्नदान महादान और नर सेवा नारायण सेवा के संकल्प के साथ केशव देव जी के भक्तों ने एकादशी के उपलक्ष्य में गौरी गोपाल आश्रम में समा के चावल की खीर प्रसादी का वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों और श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

आयोजकों ने बताया कि भक्तों की ओर से प्रत्येक माह चार बार अमावस्या, पूर्णिमा और दोनों एकादशी पर मिष्ठान प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाता है। इस सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ अनिरुद्धाचार्य महाराज ने किया। प्रसादी वितरण के साथ ठाकुर श्री गौरी गोपाल के सम्मुख भजन संध्या का आयोजन भी हुआ। इसमें आगरा के मनमोहन ने 'मैं तेरे ही भरोसे हनुमान, सागर में नैया डाल दे' भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। दीपक शर्मा ने 'छोटी सी किशोरी मेरे अंगना में डोले रे' भजन की प्रस्तुति दी। अन्य भक्तों ने भी सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

इस अवसर पर राजकुमार मैदा वाले, अजय मास्टर, मदन मोहन साड़ी वाले, नारायण बीमा वाले सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।





केडी डेंटल कॉलेज में जुटे देशभर के दिग्गज दंत चिकित्सक



कार्यक्रम में कुलपति डॉ. मनेश लाहौरी के साथ विशेषज्ञ दंत चिकित्सक।

यूनिक समय, मथुरा। दंत चिकित्सा के क्षेत्र में तेजी से बदलती तकनीकों और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की चुनौतियों पर चर्चा के लिए देशभर के दंत चिकित्सा विशेषज्ञ केडी डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में जुटे। यहां भारत डेंटल शो वुमेन्स लीग के मथुरा चैप्टर का आयोजन किया गया। 'पेशेंट केयर विद प्रिसीजन' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने आधुनिक उपचार पद्धतियों, बच्चों के मौखिक स्वास्थ्य, डिजिटल तकनीक और सफल डेंटल प्रैक्टिस के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए। विशेषज्ञों ने कहा कि तकनीक के साथ चिकित्सकीय दक्षता और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता बेहतर उपचार की बुनियाद है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आयोजन अध्यक्ष डॉ. सलोनी मेहता मिस्त्री और आयोजन सचिव डॉ. मनाली मेहता के संयोजन में हुए कार्यक्रम को केडी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. रामकिशोर अग्रवाल, प्रो-चांसलर मनोज अग्रवाल, कुलपति डॉ. मनेश लाहौरी और डेंटल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नवप्रीत कौर का मार्गदर्शन मिला।

चांसलर डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में नवीन तकनीकों और अनुसंधान का विशेष महत्व है। ऐसे आयोजन चिकित्सकों को नए बदलावों से परिचित कराने के साथ अपने अनुभव साझा करने का मंच देते हैं। प्रो-चांसलर मनोज अग्रवाल ने कहा कि दंत चिकित्सा में तकनीकी बदलावों को अपनाने के साथ मरीजों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण भी जरूरी है।

कुलपति डॉ. मनेश लाहौरी ने वैज्ञानिक संवाद और शोध को चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता मजबूत करने का माध्यम बताया।

आधुनिक तकनीकों, मरीजों की बेहतर देखभाल और सफल डेंटल प्रैक्टिस पर हुआ मंथन, विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

वैज्ञानिक सत्र में डॉ. सलोनी मिस्त्री ने डिजिटल इम्प्लांट इम्प्रेशन, डॉ. मनाली मेहता ने मैक्सिलोफेशियल रिहैबिलिटेशन, डॉ. सुकृति सक्सेना ने डेंटल हैंडपीस के चयन, प्रो. डॉ. प्रेरणा कौशिक ने डेंटल यूनिट के कुशल प्रबंधन और डॉ. ज्योति शर्मा ने बच्चों के मौखिक स्वास्थ्य की रोकथाम आधारित देखभाल पर व्याख्यान दिए।

दूसरे सत्र में हेल्थकेयर ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग विशेषज्ञ डॉ. विजय विराज ने 'रोड मैप टू सक्सेसफुल डेंटल प्रैक्टिस' विषय पर कार्यशाला आयोजित की। उन्होंने बताया कि बेहतर इलाज के साथ प्रभावी प्रबंधन, पेशेवर पहचान, ब्रांडिंग और मरीजों से विश्वासपूर्ण संवाद भी सफल प्रैक्टिस के जरूरी आधार हैं। इस दौरान 14 से 16 जनवरी 2027 तक प्रस्तावित भारत डेंटल शो की वार्षिक कांग्रेस की जानकारी भी दी गई। प्राचार्या डॉ. नवप्रीत कौर ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों और प्रतिभागियों का आभार जताया। कार्यक्रम का समापन चिकित्सकों के बीच वैज्ञानिक संवाद और अनुभवों के आदान-प्रदान के साथ हुआ।

फायरिंग के आरोपी को पीसीआर पर लेकर तमंचा बरामद

यूनिक समय, मथुरा। थाना नौहझील पुलिस ने सुहागपुर में युवक को जान से मारने की नीयत से गोली मारकर घायल करने के मामले में आरोपी को पुलिस कस्टडी रिमांड (पीसीआर) पर लेकर वारदात में प्रयुक्त तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

सुहागपुर में एक युवक पर जानलेवा हमला कर गोली मारने के मामले में सत्येंद्र के खिलाफ थाना नौहझील में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

पुलिस को इसकी जानकारी मिलने पर आरोपी को पूछताछ और बरामदगी के लिए कोर्ट से पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर झाड़ियों से वारदात में प्रयुक्त देशी तमंचा और कारतूस बरामद किए। बरामदगी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे दोबारा जेल भेज दिया गया।

आस्था और भक्ति के रंग में रंगे बाजार

घर-घर विराजेंगे लक्ष्मी-गणेश, दीपों से जगमगाएंगे आंगन

यूनिक समय, कोसीकलां। दीपावली पर्व नजदीक आते ही नगर के बाजारों में आस्था और भक्ति की अनुपम छटा बिखर गई है। बाजार का कोना-कोना मां लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश की मनोहर प्रतिमाओं, मिट्टी के दीयों और पूजन सामग्री से सज गया है। ऐसा लगता है मानो पूरा बाजार ही भक्ति के रंग में रंग गया हो। नगर के बाजारों में दुकानों पर कुंभकारों द्वारा हाथों से गढ़ी गई मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की मुस्कुराती हुई प्रतिमाएं रखी हैं। कोई प्रतिमा सुनहरे वस्त्रों में सजी है तो कोई राजसी श्रृंगार में। इन्हें देखकर ऐसा लगता है कि जैसे मां लक्ष्मी स्वयं धन-धान्य का आशीर्वाद देने और विघ्नहर्ता गणेश रिद्धि-सिद्धि के साथ भक्तों के घर पधारने को आतुर हों। दुकानों पर एक तरफ मिट्टी के छोटे-बड़े दीये, रंग-बिरंगे झालर वाले दीये और गोबर के दीयों की कतारें लगी हैं तो दूसरी तरफ रोली, चंदन, सिंदूर, मौली, कमल गट्टा, खील-बताशे और पूजन थालियां सजी हैं।



बिक्री को लटकाए गए घर सजाने के तोरण द्वार।

कुंभकार और दुकानदार बताते हैं कि इस बार लोग चाइनीज लाइटों को छोड़कर मिट्टी के दीये ज्यादा खरीद रहे हैं, क्योंकि दीये की लौ में ही मां लक्ष्मी का वास माना जाता है। सुबह से ही बाजारों में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भीड़ अपनी पसंद की लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा और पूजन सामग्री खरीदने के लिए उमड़ रही है। दुकानों पर शुभ दीपावली और शुभ-लाभ के स्टीकर, बंदनवार और तोरण भी खूब बिक रहे हैं।

मान्यता है कि दीपावली पर सच्चे मन से मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि, धन-वैभव और खुशहाली आती है। इसीलिए बाजार में सिर्फ खरीदारी नहीं, बल्कि आस्था का मेला लगा हुआ है।



बच्चों की कहासुनी बनी खूनी संघर्ष

यूनिक समय, कोसीकलां। थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर बांगर में बच्चों के मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दबंगों ने एक परिवार को घेरकर धारदार हथियारों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिसमें महिला समेत कई लोग घायल हो गए। गांव निवासी पीड़िता चंद्रवती पत्नी स्व. चंद्रपाल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि दो नवंबर को बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय बड़े-बुजुर्गों ने बीच-बचाव कर मामले को वहीं शांत करा दिया था। तहरीर के अनुसार, तीन नवंबर को जब उनका भतीजा सुमित और पुत्र अमित अपने प्लॉट से घर लौट रहे थे, तभी गांव के ही प्रवेश, कपिल, नैतिक, जीत और उनके अन्य साथियों ने पहले से घात लगाकर उन्हें रास्ते में रोक लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने सुमित पर सबसे ज्यादा वार किए, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

फ्लैग मार्च कर एसपी ने दुकानदारों से की आत्मीय बातचीत

यूनिक समय, कोसीकलां। दीपावली पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था परखने बुधवार देर सायं एसपी देहात जब कोसीकलां पहुंचे तो उनका अंदाज आम पुलिस अधिकारियों से बिल्कुल जुदा था। युवा और ऊर्जावान एसपी देहात ने भारी फोर्स के साथ नगर में फ्लैग मार्च किया, लेकिन उनका आम लोगों से बात करने का ढंग इतना आत्मीय था कि लोग उन्हें अपने बीच पाकर बेहद खुश नजर आए। आमतौर पर पुलिस अधिकारियों को सख्त लहजे में बात करते देखा जाता है, लेकिन एसपी देहात आलोक राज नारायण ने दुकानदारों और आम राहगीरों से बिल्कुल दोस्ताना अंदाज में बातचीत की। उन्होंने सड़कों पर वाहनों को रोककर चेकिंग करवाई, मगर चालकों से अभद्रता नहीं, बल्कि शालीनता से कागजात दिखाने को कहा और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। बाजार में दुकानदारों के पास जाकर उन्होंने बड़े ही सहज भाव से पूछा कि व्यापार कैसा चल रहा है कोई परेशानी तो नहीं। दुकानदारों को सुरक्षा के टिप्स देते हुए कहा कि दुकान में सीसीटीवी जरूर लगाएं और अतिक्रमण से बचें।



माइक से जागरुक करते एसपी देहात आलोक राज नारायण।

उन्होंने कहा कि दुकान का सामान फुटपाथ पर नहीं, दुकान के अंदर रखें, ताकि जाम न लगे और आपकी ही दुकान पर आने वाले ग्राहकों को दिक्कत न हो। इस मौके पर उनके साथ थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज दुष्यंत कोशिक सहित पुलिस फोर्स मौजूद था।

300 परिवारों को दीपावली का तोहफा, बृज प्रभात ने मनाई दीपावली



गरीब परिवारों को दीपावली का उपहार देते बृज प्रभात सेवा संस्थान के पदाधिकारी।

यूनिक समय, कोसीकलां। इस दीपावली बृज प्रभात सेवा संस्थान ने अनोखी मिसाल पेश की। गरीबों को दान नहीं, बल्कि मंच पर बुलाकर मेहमानों की तरह सम्मान दिया गया।

बुधवार को आर्य नगर स्थित आर्य समाज धर्मशाला में बृज प्रभात सेवा संस्थान एवं पंच यज्ञ प्रचारिणी सभा द्वारा आयोजित दीपावली सेवा महोत्सव में कोसी के 300 जरूरतमंद परिवारों को मंच पर बुलाया गया और दीपावली पूजन से संबंधित सामान भेंट किया गया।

हर परिवार को राशन किट, नए वस्त्र, मिठाई, मिट्टी के दीये, तेल, बाती, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा और पूजन सामग्री का पैकेट सम्मान के साथ दिया गया, ताकि वे भी अपने घर में पूरे विधि-विधान से लक्ष्मी पूजन कर सकें। मंच पर जब नाम पुकार कर बुजुर्ग महिलाओं और मजदूर भाइयों को बुलाया गया तो कई की आंखें भर आईं। एक लाभार्थी ने कहा कि आज तक हमें लाइन में खड़ा करके सामान दिया जाता था, आज पहली बार मंच पर बुलाकर इज्जत दी गई है। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष कन्हैयालाल गोयल ने कहा कि यह दान नहीं है, यह दीपावली की खुशियों की साझेदारी है। हम चाहते हैं कि हर परिवार अपने घर में दीया जलाए, लक्ष्मी पूजन करे और बच्चों के साथ मिठाई खाए। धरमजी महाराज, संजय कृष्ण महाराज के सानिध्य में मंत्री प्रतिनिधि कर्मवीर चौधरी, पूर्व चेयरमैन रोशनलाल सौंखिया, भाजपा नेता तरुण सेठ, सीमा रानी सेठ, योगेश धानौतिया, अनिल प्रधान शेरगढ़िया, हरीश गर्ग, आचार्य विवेक उपाध्याय, राजपाल शर्मा, दामोदर पटवारी, महेश अग्रवाल, कन्हैयालाल मंगला, हिमांशु अग्रवाल, अनिरुद्ध पालीवाल, भारत शर्मा, डॉ. नरदेव शर्मा, कपिल खंडेलवाल, मनीष जैन, पंकज विशंभरिया, लव गोयल सहित सभी पदाधिकारियों ने परिवारों को मंच पर सम्मानित किया।

बधाई मांगने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

यूनिक समय, कोसीकलां। कोसीकलां में बधाई मांगने को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। किन्नर समाज के एक गुट ने दूसरे पक्ष पर नकली किन्नरों से अवैध वसूली और मारपीट करने का आरोप लगाया है। माया बाई मंगलामुखी किन्नर गुरु के शिष्यों ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गोपाल बाग निवासी मंजेश और होला अपने साथ नकली किन्नर को रखकर बधाई मांग रहे थे। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इस तरह नकली किन्नरों को रखकर बधाई मांगने से किन्नर समाज की परंपरा और नियम टूट रहे हैं। माया बाई गुट ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



न्यायालय नगर मजिस्ट्रेट मथुरा।

संख्या-303/रीडर 2026-27 दिनांक 4 नवम्बर, 2026
वाद सं. डी-2026015000001904 मोतीलाल
बनाम
गणेश
धारा 152 बीएनएसएस
थाना - कोतवाली

विज्ञप्ति सूचना

मथुरा जनपद की जनता को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित एक हाईड्रोजिक काविंग मशीन मकान / तहखाने में लगा लगाकर गिलट की पायल बनाने का लघु कारखाना खोल रखा है के सम्बन्ध में निस्तारण हेतु वाद विचाराधीन है। उक्त मुकदमा पंजीकृत दिनांक 12.10.2026 को होने के उपरांत विपक्षी न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण उक्त वाद में प्रथम पक्ष के अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक 04.11.2026 में प्रतिवादी/ विपक्षी के लिए गजट कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है, के कम में विज्ञप्ति सूचना द्वारा आपको एवं किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो निर्धारित तिथि 06.11.2026 समय 11.00 पर स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अधिवक्ता के द्वारा न्यायालय में अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जावेगा। रिक्त मकान / दुकान का विवरण 1:- हाईड्रोजिक काविंग मशीन मकान / तहखाने मशीनों से गिलट की पायल बनाने का लघु कारखाना खोल रखा है।

नगर मजिस्ट्रेट
मथुरा

कार्तिक एकादशी पर वृंदावन की परिक्रमा में उमड़ा आस्था का सैलाब

यूनिक समय, वृंदावन। कार्तिक मास की एकादशी पर गुरुवार को ठाकुर बांके बिहारी की नगरी में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। हाथों में माला और मुख पर राधे-राधे का जयघोष करते हुए भक्त भक्ति भाव के साथ परिक्रमा करते नजर आए।

एकादशी के धार्मिक महत्व को देखते हुए मथुरा जनपद के अलावा दूर-दराज के शहरों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु वृंदावन पहुंचे। दिनभर परिक्रमा मार्ग पर भक्तों की आवाजाही बनी रही। कोई पैदल परिक्रमा करता नजर आया तो कोई रास्ते में बैठकर भजन-कीर्तन में लीन दिखाई दिया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालु विश्राम करते भी नजर आए।


गुरुवार को परिक्रमा लगाते श्रद्धालु।

परिक्रमा मार्ग के आसपास स्थित मंदिरों में भी भक्तों ने ठाकुरजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। कार्तिक मास में वृंदावन की परिक्रमा का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि इस पवित्र माह में परिक्रमा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के चलते एकादशी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के चलते परिक्रमा मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित रही। पूरे दिन धार्मिक वातावरण बना रहा और वृंदावन की गलियां और परिक्रमा मार्ग राधे-राधे के जयकारों से गुंजायमान होते रहे।

सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की आवाजाही राधे-राधे के जयकारों से गूंजा परिक्रमा मार्ग



किशोरी को पुलिस ने परिजनों से मिलवाया

यूनिक समय, मथुरा। थाना वृंदावन की मिशन शक्ति टीम ने घर से बिना बताए वृंदावन आई एक किशोरी की काउंसलिंग कर उसके परिवार को सौप दिया।

पुलिस के अनुसार वृंदावन मे एक किशोरी को इधर-उधर घूमते देख मिशन शक्ति टीम ने किशोरी से पूछताछ की और उसे अपने विश्वास में लेकर थाने लाकर काउंसलिंग की। परिवार के बारे में भी जानकारी की। किशोरी का परिवार कानपुर में था। मिशन शक्ति टीम ने उसके परिवार को सूचना देकर बुलाया और दोनों को समझा बुझाया। इसके बाद किशोरी को उसके परिवार को सौंप दिया। परिवार ने पुलिस की प्रशंसा की है।

अडूकी में पेड़ से लटका मिला अज्ञात युवक का शव

यूनिक समय, मथुरा। थाना हाईवे क्षेत्र के गांव अडूकी में गुरुवार को पेड़ से फंदे पर लटका एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव देखने के लिए मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने पेड़ पर शव लटका देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर तलाशी ली, लेकिन ऐसा कोई दस्तावेज या सामान नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

बीएसए को धमकी देने के आरोप में शिक्षक पर एफआईआर की मांग

यूनिक समय, मथुरा। बीएसए रतन कीर्ति ने प्राथमिक विद्यालय नगला आंधू, गोवर्धन में तैनात सहायक अध्यापक मनोज कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। शिक्षक पर विद्यालय समय में बीएसए कार्यालय पहुंचकर अभद्रता करने, धमकी देने और जनप्रतिनिधियों के नाम पर दबाव बनाने का आरोप है। इस संबंध में बीएसए ने एसएसपी को पत्र भेजकर कार्रवाई का अनुरोध किया है।

बीएसए की ओर से 31 अक्टूबर को भेजे गए पत्र के अनुसार, घटना नौ अक्टूबर की है। आरोप है कि सहायक अध्यापक मनोज कुमार बिना अवकाश स्वीकृत कराए विद्यालय समय में बीएसए कार्यालय पहुंचे और कक्ष में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों के सामने ऊंची आवाज में अभद्र एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया। आरोप है कि शिक्षक ने बीएसए को शराब पीकर देख लेने की धमकी दी। साथ ही जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पद से हटवाने की बात भी कही। पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि अज्ञात अथवा फर्जी मोबाइल नंबरों से फोन कर डराने और जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। बीएसए ने इसे एक महिला अधिकारी को सरकारी कार्य करने से रोकने और अनुचित दबाव बनाने का मामला बताया है। घटना के बाद बीएसए ने नौ अक्टूबर को ही शिक्षक को निलंबित कर दिया था। मामले की विभागीय जांच के लिए समिति भी गठित की गई है।

अब विभागीय कार्रवाई के साथ आपराधिक मामले में भी पुलिस से हस्तक्षेप की मांग की गई है। एसएसपी को भेजे पत्र में संबंधित मोबाइल नंबरों की जांच, उनके धारकों की पहचान, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाने का अनुरोध किया गया है। इसके अलावा बीएसए कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग भी की गई है।

कार्यालय में अभद्रता शराब पीकर देख लेने की धमकी देने का आरोप, एसएसपी को भेजा पत्र

तुम जियो हजारों साल


तेनजिन कुमारी।

दीपावली-छठ पर मथुरा डिपो से चलेंगी 53 अतिरिक्त बसें

यूनिक समय, मथुरा। दीपावली और छठ पर्व पर घर जाने वाले यात्रियों को बसों के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। त्योहारों पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए रोडवेज ने विशेष बस संचालन की तैयारी की है। मथुरा डिपो से छह से 17 नवंबर तक 53 अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। इनका संचालन यात्रियों की संख्या के अनुसार अलग-अलग मार्गों पर किया जाएगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय आगरा की ओर से मथुरा डिपो को 134 नियमित बसों के साथ 53 अतिरिक्त बसें उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें 10 बसें बरेली, सात सोनौली, 10 जयपुर, पांच आगरा, तीन गोवर्धन और दो वृंदावन मार्ग पर चलेंगी। शेष बसें हाथरस, अलीगढ़, धौलपुर समेत अन्य मार्गों पर जरूरत के अनुसार लगाई जाएंगी। दिल्ली के सराय काले खां, आनंद विहार, कौशांबी और नोएडा से भी यात्रियों की संख्या के मुताबिक बसें संचालित होंगी। बसों को प्रतिदिन शाम चार बजे तक आनंद विहार, सराय काले खां या जयपुर बस स्टेशन पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।

एआरएम विवेक अहिरवार ने बताया कि लंबी दूरी की बसों में दो चालक और एक परिचालक तैनात किए जाएंगे। कम दूरी तय करने वाली बसों को लंबे मार्गों पर प्राथमिकता से लगाया जाएगा। प्रत्येक बस को प्रतिदिन कम से कम 600 किलोमीटर चलाने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने बताया कि बसों को रास्ते में खराब होने से बचाने के लिए टायर, हेडलाइट, टूल किट समेत जरूरी उपकरणों की जांच कराई जाएगी। दिल्ली में मरम्मत के लिए तकनीकी कर्मचारियों की टीम और आवश्यक सामान से भरा वाहन भी तैनात रहेगा। डिपो में डीजल, टिकट और ईटीएम की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं।

आगरा परिक्षेत्र के ईदगाह डिपो को नौ, फोर्ट डिपो को 29, फाउंड्री डिपो को 17 और बाह डिपो को दो अतिरिक्त बसें दी गई हैं। सभी डिपो को त्योहार के दौरान यात्रियों की भीड़ के अनुसार बसों का संचालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

6 से 17 नवंबर तक रहेगा विशेष संचालन बरेली, जयपुर, सोनौली और आगरा समेत कई मार्गों पर बढ़ेंगी बसें

राम-भरत मिलाप देख भावुक हुए श्रद्धालु


एक-दूसरे के गले मिलते श्रीराम और भरत के स्वरूप।

यूनिक समय, वृंदावन। धार्मिक नगरी का ऐतिहासिक लोई बाजार बुधवार को जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। 14 वर्ष के वनवास के बाद प्रभु श्रीराम के अयोध्या लौटने और भाई भरत से मिलन का भावुक प्रसंग देख श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। राम-भरत मिलाप के दौरान चारों भाइयों का स्नेहपूर्ण आलिंगन देख दर्शकों की आंखें नम हो गईं।

वृंदावन रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को लोई बाजार में पारंपरिक राम-भरत मिलाप लीला का मंचन किया गया। लीला के दौरान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता मंच पर पहुंचे, जबकि वनखंडी की ओर से भरत और शत्रुघ्न अयोध्यावासियों के साथ वहां पहुंचे। जैसे ही चारों भाई आमने-सामने आए और एक-दूसरे के गले मिले, पूरा बाजार जय श्रीराम से गूंज उठा। महाआरती के साथ लीला का समापन हुआ।

इस अवसर पर डॉ. अशोक अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल गया वाले, विपिन मुकुट वाले, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, नारायण दास अग्रवाल कंठी वाले, सौरभ बजाज, श्रीकांत वर्मा, श्रीकांत बोहरे, आलोक बंसल, भीमसेन अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, पार्षद वैभव अग्रवाल, रजत अग्रवाल, अलौकिक शर्मा और नीरज गौतम सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



धनतेरस पर बाजारों में धनवर्षा की आस, सोना–चांदी से बर्तनों तक चमक

यूनिक समय, मथुरा। धनतेरस पर धनवर्षा की उम्मीद में शहर से लेकर कस्बों तक बाजार सजकर तैयार हैं। सराफा बाजार में सोने–चांदी के सिक्कों और आभूषणों की चमक है तो बर्तन बाजार में पीतल, तांबा और स्टील के बर्तनों की भरमार है। कपड़ा बाजार में भी ग्राहकों की चहल–पहल बढ़ गई है। दुकानदारों को त्योहार पर बंपर कारोबार की उम्मीद है। गुरुवार को इसी सोच के साथ कारोबारी तैयारियों में जुटे रहे।



कृष्णा नगर बाजार में साड़ियां पसंद करती महिलाएं।



हाईवे पर जैन हीरो शोरूम पर बाइक बुक करते ग्राहकों की भीड़।

महंगाई ने चांदी की चमक घटाई सिक्कों–मूर्तियों का वजन घटा



कृष्णा नगर में राधारानी ज्वैलर्स शोरूम पर ज्वैलरी पसंद करते ग्राहक।

धनतेरस पर भारी मूर्तियों की जगह पांच–दस ग्राम के सिक्कों का क्रेज

बजट के हिसाब से बाजार में उतारे हल्के विकल्प, हालमार्क पसंद

यूनिक समय, मथुरा। सोने-चांदी की आसमान छूती कीमतों ने धनतेरस की खरीदारी का ट्रेंड बदल दिया है। शगुन के लिए चांदी खरीदने की परंपरा तो कायम है, लेकिन अब ग्राहकों की पसंद और जेब दोनों का हिसाब बदल गया है।

भारी वजन के सिक्कों और चांदी के लक्ष्मी-गणेश की जगह पांच और 10 ग्राम के सिक्कों ने ले ली है। महंगाई की मार को देखते हुए सराफा कारोबारियों ने भी इस बार हल्के वजन के सिक्कों और खोखली प्रतिमाओं का स्टॉक बाजार में उतारा है।

धनतेरस से पहले शहर से लेकर कस्बों का सराफा बाजार सज चुका है। कृष्णा नगर, होली गेट, चौक बाजार स्थित ज्वेलरी प्रतिष्ठानों पर जुटे खरीदार मिट्टी के सामान की दुकानों पर पहुंच रहे हैं। कुंभकारों के यहां ढाई इंच के मिट्टी के लक्ष्मी-गणेश 20 रुपये और पांच इंच की भाव में तेजी के चलते 50 से 100 ग्राम या इससे अधिक वजन के सिक्कों और मूर्तियों की मांग सीमित हुई है। कम बजट में शगुन पूरा करने के लिए ग्राहक पांच, 10 और 20 ग्राम के सिक्के पसंद कर रहे हैं। वहीं, 20 से 50 ग्राम तक की खोखली लक्ष्मी-गणेश प्रतिमाएं भी बाजार में उपलब्ध हैं।

महंगाई का असर आभूषणों की खरीदारी पर भी दिख रहा है। भारी करधनी, पायल और सोने के बड़े सेट अब दुकानों पर सीमित रखे जा रहे हैं। ऐसे आभूषणों को ग्राहक की पसंद और अग्रिम बुकिंग के आधार पर तैयार कराया जा रहा है। कीमतें बढ़ने के साथ खरीदारों में शुद्धता को लेकर जागरूकता भी बढ़ी है। यही वजह है कि हॉलमार्क वाले आभूषणों की मांग में तेजी आई है।

कारोबारियों की बात

राधारानी ज्वैलर्स के स्वामी पवन अग्रवाल ने बताया कि सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों को देखते हुए पांच और 10 ग्राम के सिक्कों के साथ 20 से 50 ग्राम तक की नक्काशीदार लक्ष्मी-गणेश प्रतिमाएं मंगाई गई हैं। इससे ग्राहक कम बजट में भी त्योहार का शगुन पूरा कर सकते हैं।



आरके ज्वैल्स के स्वामी रवीश अग्रवाल ने बताया कि चांदी के सिक्कों पर अनिवार्य हॉलमार्किंग नहीं होने से खरीदार शुद्धता को लेकर सवाल करते हैं। ग्राहकों का भरोसा कायम रखने के लिए दुकान के नाम और मुहर वाले 99.9 प्रतिशत शुद्धता के सिक्के तैयार कराए गए हैं।



दीवाली की चमक से दमका कपड़ा बाजार, सूती कपड़ों पर टूटे खरीदार



डैम्पीयर नगर में सलेक्शन शोरूम पर कपड़े खरीदते ग्राहक।

ठंड की बेरुखी ने बदला खरीदारी का ट्रेंड, ऊनी कपड़े पड़े सुस्त, पिछले साल के मुकाबले 10 से 20 फीसदी तक बढ़े दाम

यूनिक समय, मथुरा। दीपावली की दस्तक के साथ शहर के कपड़ा बाजार में खरीदारों की चहल-पहल बढ़ गई है। होलीगेट से डैंपियर नगर और कृष्णा नगर तक कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ नजर आने लगी है। त्योहार पर नए कपड़े पहनने की परंपरा के बीच इस बार बाजार का मिजाज भी बदला-बदला है। ठंड ने अभी तक दस्तक नहीं दी है, लिहाजा ऊनी कपड़ों के बजाय सूती और हल्के परिधानों की मांग ने जोर पकड़ लिया है।

पिछले वर्षों में अक्टूबर के अंत तक स्वेटर, शॉल और जैकेट की खरीदारी शुरू हो जाती थी, लेकिन इस बार इनकी बिक्री अपेक्षाकृत धीमी है। ग्राहक सूती साड़ी, कुर्ता–पायजामा, लिनन शर्ट और हल्के सूट खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। मौसम की बेरुखी ने कारोबारियों के ऊनी कपड़ों के स्टॉक की रफ्तार भी धीमी कर दी है। दूसरी ओर महंगाई का असर भी खरीदारी पर दिखाई दे रहा है। पिछले साल के मुकाबले कपड़ों के दाम 10 से 20 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। इसके बावजूद त्योहार की खरीदारी में ग्राहक पीछे नहीं हैं। बाजार में पंजाब के लुधियाना और पश्चिम बंगाल के हावड़ा से आए परिधान भी आकर्षण बने हुए हैं। महिलाएं लाल, हरे, पीले और गुलाबी रंग की साड़ियों के साथ कॉटन अनारकली और कुर्ता सेट पसंद कर रही हैं। पुरुषों में हल्के प्रिंट के कुर्ता-पायजामे का क्रेज है, जबकि बच्चों के लिए सूती फ्रॉक और आरामदायक परिधानों की मांग बनी हुई है।

पीओपी की चमक के आगे मिट्टी के लक्ष्मी–गणेश का दम बरकरार

यूनिक समय, मथुरा। दीपावली का बाजार चमकदार मूर्तियों और रंग-बिरंगी सजावटी सामग्री से गुलजार है। पीओपी की मूर्तियों और मशीनों से तैयार सामान के बीच मथुरा के कुंभकारों ने भी अपनी देसी कला के साथ मोर्चा संभाल लिया है। बाजार में फड़ लगाकर बैठे कुंभकार मिट्टी के लक्ष्मी-गणेश, दीपक और हटरी बेच रहे हैं। भले ही इन मूर्तियों में पीओपी जैसी चमक-दमक नहीं है, लेकिन शुद्ध मिट्टी से बनी होने के कारण पूजन के लिए इनकी अपनी अलग पहचान और मांग है।

दीपावली पर पूजन की तैयारी में



फरह कस्बा के पथवारी चौक में मिट्टी से बने लक्ष्मी- गणेश बेच रहे भरत लाल हटरी दिखाते हुए।

मशीनों से बनी मूर्तियों को टक्कर दे रहे मथुरा के कुंभकार

देसी दीपक और मिट्टी की हटरी की बाजार में मांग

मूर्तियां 50 रुपये में मिल रही हैं। मिट्टी की एक मंजिला हटरी 60 रुपये और दो मंजिला हटरी 120 रुपये में बिक रही है। वहीं, मिट्टी के 100 दीपकों की कीमत 100 रुपये रखी गई है। यानी एक रुपये में एक दीपक। कम कीमत और पारंपरिक स्वरूप के चलते देसी दीपकों का बाजार भी कायम है।

मिट्टी से बने लक्ष्मी- गणेश, दीपक बेच रहे भरतलाल बताते हैं कि अब मिट्टी के बर्तन और मूर्तियां तैयार करना पहले जितना आसान नहीं रह गया है। मिट्टी जुटाने से लेकर उसे तैयार करने, मूर्तियों को आकार देने और रंगने तक में खासी मशक्कत करनी पड़ती है। ऊपर से मजदूरी भी महंगी हो गई है। इसके बावजूद पुश्तैनी काम को जिंदा रखने के लिए जुटे हुए हैं।

उन्होंने बताया कि चिकनी पीली मिट्टी से तैयार लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों को एक ही रंग में रंगा जाता है। इनमें न तो पीओपी जैसी चमक है और न ही मशीनों से तैयार सामान जैसी फिनिशिंग, लेकिन मिट्टी की सादगी और पारंपरिक स्वरूप ही इनकी पहचान है। कुंभकारों का कहना है कि इस बार स्थानीय खरीदार देसी उत्पादों की ओर रुख कर रहे हैं। बाजार में भले ही चमकदार सामान की भरमार हो, लेकिन दीपावली की पूजा में मिट्टी के लक्ष्मी-गणेश, दीपक और हटरी का महत्व आज भी बरकरार है।

सुविचार

संवेदनाओं से भरे शब्द जीवन को नई रोशनी और अर्थ देते हैं।

कल का पंचांग

तिथि	द्वादशी	10:36-10:31 तक	पक्ष	कृष्ण पक्ष	
नक्षत्र	हस्त	03:55-04:43 तक	माह	कार्तिक	
सूर्योदय		6:33 AM	चन्द्रोदय	02:40 AM	
सूर्यास्त		5:32 PM	चंद्रास्त	03:00 PM	
सूर्य राशि		तुला राशि	चंद्र	कन्या राशि	
शुभ मुहूर्त		11:41AM –12:26 PM	ब्रहम् मुहूर्त	04:52-05:43	
त्योहार/व्रत			विक्रम संवत्	2083	
राहुकाल		10:40 AM: 12:03 PM	वार	शुक्रवार	

ब्रज के मंदिरों के दर्शन



ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

मथुरा–वृंदावन को मिलेगी फोरलेन की सौगात, पुराने रेलवे ट्रैक पर दौड़ेंगी गाड़ियां

- मछली फाटक से मसानी तक पहले चरण में बनेगा चार किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोड
- 12 किलोमीटर के पूरे कॉरिडोर की डीपीआर तैयार
- मेट्रो की संभावनाओं को ध्यान में रखकर बनेगी योजना
- श्रीकृष्ण जन्मस्थान और बांके बिहारी मंदिर तक पहुंचना होगा आसान



मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की बैठक में परियोजना पर मंथन करते मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप, ब्रज तीर्थ विकास परिषद उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, परिषद की सीईओ लक्ष्मी नागप्पन, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, नगर आयुक्त ओजस्वी राज।

यूनिक समय, मथुरा। कान्हा की नगरी मथुरा–वृंदावन में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुराने रेलवे ट्रैक को फोरलेन सड़क मार्ग में बदलने की तैयारी तेज हो गई है। करीब 12 किलोमीटर लंबे इस रेलवे ट्रैक पर अब वाहनों की आवाजाही के लिए आधुनिक सड़क विकसित की जाएगी। मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण (एमवीडीए) इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर रहा है। परियोजना के पहले चरण में मछली फाटक से मसानी तक करीब चार किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोड बनाया जाएगा। इस योजना से स्थानीय लोगों के साथ ही मथुरा–वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं को भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल और ब्रज के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की प्राथमिकता के तहत इस परियोजना को शासन की सहमति मिल चुकी है।

शुक्रवार को वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के सभागार में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र की अध्यक्षता में डीपीआर को लेकर बैठक हुई। इसमें मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, एमवीडीए उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागप्पन और नगर आयुक्त ओजस्वी राज सहित अन्य अधिकारियों ने परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

योजना के प्रथम चरण में मछली फाटक से मसानी तक एलिवेटेड रोड का निर्माण होगा।

इसके बाद दूसरे चरण में शेष रेलवे ट्रैक को सड़क मार्ग के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रस्तावित कॉरिडोर पर पार्किंग, कमर्शियल यूटिलिटी और अन्य आधुनिक सुविधाएं भी विकसित करने की योजना है।

इस परियोजना की खास बात यह है कि इसमें भविष्य में मेट्रो संचालन की संभावनाओं को भी ध्यान में रखा जा रहा है। सड़क मार्ग के विकसित होने से श्रीकृष्ण जन्मस्थान, वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर और मसानी स्थित नेशनल हाईवे के बीच बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध हो सकेगी।

एमवीडीए उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागप्पन के अनुसार, इस मार्ग के बनने से मथुरा–वृंदावन के बीच आवागमन का एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। इससे शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों का दबाव कम करने और यातायात को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। मंदिरों के दर्शन और ब्रज भ्रमण के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि डीपीआर इसी माह शासन को प्रस्तावित की जाएगी।







दीपोत्सव से पहले अयोध्या, काशी मथुरा को दहलाने की फिर धमकी

स्कूल को ईमेल भेजकर दीपावली पर बम धमाके की चेतावनी

काशी-मथुरा भी निशाने पर, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट



यूनिक समय, लखनऊ। अयोध्या में दीपोत्सव और दीपावली से पहले बम धमाकों की धमकियों ने पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। बुधवार को जिला न्यायालय और परमा अकादमी को धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद गुरुवार सुबह देवकाली बाईपास के पास स्थित अमर पब्लिक स्कूल को भी ईमेल भेजा गया। इसमें दीपावली के दिन स्कूल में बम धमाका करने की चेतावनी दी गई है। लगातार दूसरे दिन अलग-अलग संस्थानों को धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। ईमेल की जानकारी मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। पुलिस ईमेल भेजने वाले की पहचान करने और धमकी की सत्यता जांचने में जुटी है। इससे पहले बुधवार को अयोध्या जिला न्यायालय की आधिकारिक ईमेल आईडी पर धमकी भरा संदेश मिला था। इसमें आठ नवंबर को कोर्ट परिसर में बम विस्फोट करने की चेतावनी दी गई थी। इसी दिन रामनगरी की परमा अकादमी को भी ईमेल मिला था। इसमें दीपावली पर धमाके करने और बच्चों को निशाना बनाने की बात कही गई थी। ईमेल भेजने वाले ने कथित तौर पर खुद को खालिस्तान नेशनल आर्मी से जुड़ा बताते हुए गुरनाख सिंह और डॉ. गुरनिरवैर सिंह के नाम का इस्तेमाल किया था। धमकियों का दायरा अयोध्या तक सीमित नहीं है। काशी और मथुरा में भी बम धमाकों की चेतावनी मिलने की जानकारी सामने आई है। काशी में न्यायालय की ईमेल आईडी पर आए संदेश में आठ नवंबर को परिसर में विस्फोट करने और 27 नवंबर तक ऐसी घटनाओं को अंजाम देने की धमकी दी गई है। लगातार मिल रहे ईमेल के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सभी संदेशों की जांच कर रही हैं। फिलहाल किसी धमकी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन दीपोत्सव और दीपावली के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को गंभीरता से लिया जा रहा है।

शिक्षा मंत्री के घर के सामने रो पड़े शिक्षक अभ्यर्थी

बोले-बेटी रोज पूछती है पापा कब आओगे

पुलिस पर लातों से पीटने का आरोप



यूनिक समय, लखनऊ। लखनऊ में गुरुवार को 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास का घेराव किया। करीब एक घंटे तक प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की और शंख-घंटियां बजाकर मंत्री को बाहर बुलाने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बसों में बैठाकर वहां से हटाया। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि बस में भरने के बाद पुलिसकर्मियों ने उन्हें लातों से पीटा, गाली दी और कपड़े फाड़ दिए। वहीं, 11 दिन से भूख हड़ताल कर रहे एक अभ्यर्थी की तबीयत भी बिगड़ गई। आजमगढ़ से आए घनश्याम अपनी तीन साल की बीमार बेटी का जिक्रकरते हुए रो पड़े। उन्होंने बताया कि ढाई महीने से घर नहीं गए हैं और बेटी रोज वीडियो कॉल कर पूछती है कि पापा कब आएंगे। मैनपुरी से आए आशीष बहन की शादी छोड़कर प्रदर्शन में पहुंचे हैं। अभ्यर्थियों की मांग है कि 2018 की भर्ती में आरक्षण के तहत पांच प्रतिशत छूट देकर 40 प्रतिशत अंकों के आधार पर परिणाम संशोधित किया जाए और नई चयन सूची जारी हो।

समय पर एयरलिफ्ट कर लेते तो बच जातीं मेरी दोनों बेटियां

केदारताल हादसे में सगी बहनों की मौत से टूटा पिता

टूर कंपनी पर लापरवाही का आरोप



यूनिक समय, लखनऊ। उत्तराखंड के केदारताल ट्रैक पर हिमस्खलन में जान गंवाने वाली लखनऊ की सगी बहनों दीपिका और वर्तिका के पिता का दर्द छलक पड़ा। उन्होंने टूर कंपनी पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर बेटियों को समय पर एयरलिफ्ट कर लिया जाता तो आज दोनों जिंदा होतीं। पिता श्रीनारायण वर्मा के मुताबिक, कंपनी ने पहले अपने कर्मचारियों को सुरक्षित निकाला, जबकि उनकी बेटियां एयरलिफ्ट करने की गुहार लगाती रहीं। बुधवार को दोनों बहनों के शव बरामद हुए थे। गुड़ंबा के गायत्रीपुरम निवासी दीपिका मुंबई की एक कंपनी में काम करती थीं, जबकि छोटी बहन वर्तिका नोएडा में नौकरी करती थीं। वर्तिका को कंपनी की ओर से टूर पैकेज मिला था। 26 अक्टूबर को दोनों बहनें दिल्ली से उत्तराखंड के लिए रवाना हुई थीं। परिवार ने त्योहार के कारण उन्हें जाने से रोका था, लेकिन उन्होंने तीन दिन में लौटने का भरोसा दिया था। पिता ने बताया कि दोनों बहनों को ट्रैकिंग का शौक था।

दीपिका की शादी की तैयारी भी चल रही थी। उनकी मौत से परिवार के साथ पूरे मोहल्ले में मातम पसरा है। परिजनों ने तलाश के लिए सांसद राजनाथ सिंह से भी मदद मांगी थी।

बेटे के जन्म के सात दिन बाद मां ने दी जान

बीएचयू अस्पताल परिसर में पाइप से लटका मिला शव

एनआईसीयू में भर्ती है नवजात



यूनिक समय, वाराणसी । वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के सर सुंदरलाल अस्पताल परिसर में गुरुवार सुबह एक महिला का शव पाइप से लटका मिला। महिला की पहचान सोनभद्र निवासी निक्की के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसने बेटे को जन्म देने के सात दिन बाद आत्महत्या कर ली। उसका नवजात बच्चा गंभीर हालत में अस्पताल के एनआईसीयू में भर्ती है। जानकारी के मुताबिक, निक्की को 27 अक्टूबर को सोनभद्र के एक निजी अस्पताल से रेफर कर बीएचयू लाया गया था। 28 अक्टूबर को उसने बेटे को जन्म दिया, लेकिन जन्म के समय ही बच्चे की हालत गंभीर थी। इसके चलते डॉक्टरों ने उसे एनआईसीयू में भर्ती कर लिया था। परिजनों के मुताबिक, 4 नवंबर की रात निक्की बच्चे को घर ले जाने की जिद कर रही थी, लेकिन उसकी हालत नाजुक होने के कारण परिजनों ने मना कर दिया। इससे वह मानसिक तनाव में थी। बुधवार रात परिवार ने साथ खाना खाया था। इसके बाद निक्की वार्ड से लापता हो गई। पति और सास ने रातभर तलाश की। गुरुवार सुबह सिटीस्कैन सेंटर के पास ऑक्सीजन प्लांट के पीछे उसका शव मिला। पुलिस ने फोरेंसिक टीम से जांच कराई है। अधिकारियों के मुताबिक, मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा।

सपा मुख्यालय के बाहर लगे पोस्टर लिखा- '27 में कृष्ण आएंगे'

धीरेंद्र शास्त्री पर निशाना होर्डिंग में लिखा, राम-कृष्ण में भेद बताने वाला ढोंगी



यूनिक समय, लखनऊ। लखनऊ में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले पोस्टर के जरिए सियासी संदेश देने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के मुख्यालय के बाहर दो नई होर्डिंग लगाई गईं। पहली होर्डिंग में अखिलेश यादव और बांसुरी बजाते भगवान श्रीकृष्ण की तस्वीर के साथ लिखा है– '27 में कृष्ण आएंगे।' इसे सपा नेता मोहम्मद अजीम ने लगवाया है। उन्होंने कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के भगवान श्रीकृष्ण को लेकर दिए गए बयान पर नाराजगी जताते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और कार्रवाई की मांग की। अजीम का आरोप है कि श्रीकृष्ण की तुलना भगवान श्रीराम से करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं, जिससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि दोनों ही सनातन धर्म के आराध्य हैं और किसी एक की महिमा बताने के लिए दूसरे को कमतर दिखाना गलत है।

दूसरी होर्डिंग सुजीत यादव ने लगवाई है। इसमें लिखा है कि जो राम और कृष्ण में भेद बताता है, वह कथावाचक नहीं, बल्कि ढोंगी और पाखंडी व्यापारी है। उन्होंने लोगों से ऐसे कथावाचकों से दूर रहने की अपील की।

कानपुर के जाम में तड़पता रहा सिपाही, एंबुलेंस में मौत

यूनिक समय, कानपुर। कानपुर में भीषण जाम ने एक घायल सिपाही की जान ले ली। फतेहपुर में डंपर की टक्कर से गंभीर घायल हुए 22 वर्षीय प्रांशु सचान की एंबुलेंस में ही मौत हो गई। पिता प्रमोद सचान का आरोप है कि भाजपा की लोकतंत्र बचाओ रैली के चलते लगे जाम में एंबुलेंस करीब डेढ़ से दो घंटे तक फंसी रही। वह लोगों और ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के सामने हाथ जोड़कर रास्ता देने की गुहार लगाते रहे, लेकिन एंबुलेंस आगे नहीं बढ़ सकी। प्रांशु अंबेडकरनगर की डांडा कोतवाली में सिपाही था। मंगलवार को वह सम्मन तामील कराने फतेहपुर जा रहा था। रास्ते में पिता भी उसके साथ हो लिए। बक्सर मोड़ के पास पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में प्रांशु गंभीर घायल हो गया। उसे पहले सीएचसी और फिर हैलट अस्पताल रेफर किया गया। पिता के मुताबिक, टाटमिल चौराहे पर एंबुलेंस करीब एक घंटे फंसी रही। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने प्रांशु को मृत घोषित कर दिया। यह सुनकर पिता बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़े। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव ले जाया गया।

पति की हत्या के मामले में रविता की अपील मंजूर

यूनिक समय, मेरठ। मेरठ के चर्चित अमित कश्यप हत्याकांड में फांसी की सजा पाने वाली रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को इलाहाबाद हाईकोर्ट से सुनवाई का मौका मिला है। हाईकोर्ट ने दोनों की अपील स्वीकार कर ली है। अब 14 दिसंबर को सुबह 10 बजे मामले की अंतिम सुनवाई होगी। दोनों ने मेरठ की सत्र अदालत के दोषसिद्धि और मृत्युदंड के फैसले को चुनौती देते हुए 133 पन्नों की अपील दाखिल की है। मेरठ की एडीजे कोर्ट ने 7 अक्टूबर 2026 को दोनों को हत्या का दोषी ठहराया था। 16 अक्टूबर को अदालत ने मामले को दुर्लभतम श्रेणी का अपराध मानते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। आरोप है कि 12 अप्रैल 2025 की रात अमित की गला दबाकर हत्या की गई और इसे सांप के काटने से हुई मौत दिखाने के लिए बिस्तर पर जिंदा सांप छोड़ दिया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई थी। इसके बाद पुलिस जांच में रविता और अमरदीप की भूमिका सामने आई।

नोएडा में गंदगी पर अधिकारियों को दस दिन का अल्टीमेटम

72 जगहों पर सफाई व्यवस्था मिली खराब

सीईओ ने जताई नाराजगी



यूनिक समय, नोएडा। नोएडा में त्योहारों से पहले सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाया है। शहर में गंदगी मिलने पर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्णा करुणेश ने संबंधित अधिकारियों को 10 दिन के भीतर व्यवस्था सुधारने का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि अगली समीक्षा बैठक में सुधार नहीं दिखा तो लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को सीईओ ने शहर की सफाई, बिजली, जलापूर्ति और सीवर व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान सामने आया कि प्राधिकरण की ओर से शहर में कुल 312 स्थानों पर औचक निरीक्षण कराया गया था। इनमें से 72 जगहों पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली। इतनी बड़ी संख्या में गंदगी मिलने पर सीईओ ने नाराजगी जाहिर की और अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। बैठक में दोनों महाप्रबंधक (सिविल) एके अरोड़ा और एसपी सिंह सहित विभिन्न वर्क सर्किल, जल खंड और विद्युत खंडों के वरिष्ठ प्रबंधक मौजूद रहे। सीईओ ने सभी वरिष्ठ प्रबंधकों, प्रबंधकों और अवर अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही सफाई व्यवस्था की निगरानी और सुधार की जिम्मेदारी तय करने को कहा। सीईओ ने वरिष्ठ प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके अलावा प्रबंधक, सहायक प्रबंधक और सुपरवाइजर की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। अधिकारियों को 10 दिन में सफाई व्यवस्था बेहतर बनानी होगी।

धीरेंद्र शास्त्री पर मानहानि का केस दर्ज

यूनिक समय, आगरा। आगरा में कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ आपराधिक मानहानि का परिवाद दर्ज कराया गया है। यह मामला भगवान श्रीकृष्ण को लेकर की गई उनकी कथित विवादित टिप्पणी से जुड़ा है। वकील अजय प्रताप सिंह ने आगरा सिविल कोर्ट में परिवाद दाखिल किया है। उनका आरोप है कि धीरेंद्र शास्त्री के बयान से भगवान श्रीकृष्ण के वंशजों की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। उन्होंने परिवाद में जादौन, जडेजा और भाटी क्षत्रिय वंश का भी उल्लेख किया है। वकील ने खुद को माता पक्ष से भगवान श्रीकृष्ण का वंशज बताया है। परिवाद में मथुरा गजेटियर और अलेक्जेंडर कनिंघम की पुस्तक का हवाला भी दिया गया है। अदालत ने परिवाद रजिस्टर कर लिया है। मामले की अगली सुनवाई 14 दिसंबर को सिविल जज जूनियर डिवीजन-5 की अदालत में होगी। विवाद बढ़ने के बाद धीरेंद्र शास्त्री ने वीडियो जारी कर सफाई दी थी। उन्होंने कहा था कि उनकी बात का गलत अर्थ निकाला गया। वह श्रीकृष्ण के भक्त हैं और किसी की भावना आहत हुई है तो माफी मांगते हैं।

दिल्ली में निर्माणाधीन बिल्डिंग ढही दो की मौत, 15 दबे होने की आशंका

चांदनी चौक के चावड़ी बाजार में तीन मंजिला इमारत गिरी

एनडीआरएफ और दमकल की टीमें रेस्क्यू में जुटी, इस साल 6 बड़े हादसों में 23 मौतें





यूनिक समय, नई दिल्ली। दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में गुरुवार सुबह तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत अचानक ढह गई। हादसे में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका है। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, करीब 15 लोग मलबे में फंसे हो सकते हैं। घटना सुबह 9:50 बजे चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के पास गली सत्तारा में हुई। सूचना मिलते ही दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। एनडीआरएफ, दिल्ली पुलिस और एमसीडी की टीमें राहत और बचाव अभियान चला रही हैं। स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू टीम के पहुंचने से पहले ही चार घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया था। घटनास्थल तक पहुंचने का रास्ता काफी संकरा होने के कारण बचाव अभियान में परेशानी आ रही है। पुलिस ने इलाके को सील कर दिया है।

प्रत्यक्षदर्शी मोहम्मद नईम के मुताबिक, इमारत पिछले तीन-चार महीने से बन रही थी। उसमें तीन से चार लिंटर डाले जा चुके थे, जो एक साथ ढह गए। हादसे के समय वहां तीन-चार लोग मौजूद थे। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने घटना को लेकर दिल्ली सरकार और एमसीडी पर सवाल उठाए। उन्होंने सुरक्षा ऑडिट के बावजूद इमारतें गिरने और सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। दिल्ली में इस साल इमारत गिरने की यह छठी बड़ी घटना है। इससे पहले सैदुलाजाब, रोहिणी, करोल बाग, सत्य निकेतन और सीमापुरी में पांच हादसों में 21 लोगों की मौत हो चुकी है। मौजूदा हादसे में दो मौतों के साथ यह आंकड़ा 23 हो गया है।

नागौर में बारूद बनाते समय भीषण विस्फोट, दो की मौत

राजस्थान के बदली इलाके में सुबह 9:40 बजे हुआ धमाका

दो लोग गंभीर रू प से घायल



यूनिक समय, नई दिल्ली। राजस्थान के नागौर जिले में गुरुवार सुबह बारूद बनाने वाली एक यूनिट में जोरदार विस्फोट हो गया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज घटनास्थल से करीब आधा किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। विस्फोट के बाद आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना नागौर के बदली इलाके में सुबह करीब 9:40 बजे हुई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को मलबे और परिसर से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल मृतकों और घायलों की पहचान सामने नहीं आई है। अधिकारियों ने परिसर में किसी अन्य व्यक्ति के फंसे होने की आशंका को देखते हुए भी जांच की। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, यह गोदाम अमीन नाम के व्यक्ति का बताया जा रहा है। यूनिट के एक हिस्से में तैयार पटाखों का स्टॉक भी मिला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पोटैशियम नाइट्रेट मिलाकर बारूद तैयार किया जाता था। हालांकि, विस्फोट किस वजह से हुआ, इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यूनिट में सुरक्षा इंतजामों से जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है।

ईरान में परमाणु बम बनाने की मांग तेज, मस्जिदों में उठे नारे

अमेरिका-इजराइल के हमलों के बाद बदली लोगों की सोच

खामेनेई के फतवे का विरोध एनपीटी संधि से बाहर निकलने की मांग भी बढ़ी



यूनिक समय, नई दिल्ली। ईरान में परमाणु बम बनाने की मांग तेज हो गई है। देश की कई मस्जिदों में शुक्रवार की नमाज के दौरान इमाम और कट्टरपंथी नेता अमेरिका और इजराइल से सुरक्षा के लिए परमाणु हथियार बनाने की वकालत कर रहे हैं। यह मांग ऐसे समय उठ रही है, जब ईरान दोनों देशों के साथ जारी युद्ध खत्म करने की कोशिश कर रहा है। पिछले सप्ताह पश्चिमी ईरान के कुहदाश्त शहर में नमाज के बाद लोगों ने नारा लगाया कि परमाणु हथियार बनाकर अपनी रक्षा करना उनका अधिकार है। तेहरान में भी इसी तरह की मांग उठी। इससे पहले पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने फतवा जारी कर परमाणु बम बनाने और इस्तेमाल करने पर रोक लगाई थी।

इस साल अमेरिकी हमले में उनकी मौत के बाद इस नीति पर बहस तेज हो गई है। ईरान में अब परमाणु हथियारों पर रोक लगाने वाली अंतरराष्ट्रीय संधि एनपीटी से बाहर निकलने की मांग भी बढ़ रही है। सुरक्षा अधिकारी मोहसेन रेजाई के मुताबिक, सरकार इस मुद्दे पर चर्चा कर रही है, लेकिन अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि परमाणु बम की मांग अमेरिका पर बातचीत के लिए दबाव बनाने की रणनीति भी हो सकती है। हालांकि, राष्ट्रपति मसूद पजशकियान और पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी अब भी परमाणु कार्यक्रम को शांतिपूर्ण उद्देश्यों तक सीमित रखने के पक्ष में हैं।

ईरान की मदद के आरोप में चार भारतीयों पर अमेरिकी प्रतिबंध

चंडीगढ़ के कारोबारी दंपती समेत 9 कंपनियां पर निशाने

फर्जी दस्तावेजों से जहाजों को दूसरे देशों का रजिस्ट्रेशन दिलाने का आरोप



यूनिक समय, नई दिल्ली। अमेरिका ने ईरान के तेल कारोबार में मदद करने के आरोप में चार भारतीय नागरिकों और उनसे जुड़ी नौ कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। इनमें चंडीगढ़ के कारोबारी सुनील कुमार शर्मा और उनकी पत्नी जसप्रीत प्रीति शाहिद भी शामिल हैं। इसके अलावा अश्वनी कुमार धीमान और इशविंदर सिंह के नाम भी प्रतिबंधित सूची में हैं। नौ कंपनियों में आठ भारत और एक सिंगापुर में पंजीकृत है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के मुताबिक, यह नेटवर्क ईरान के गुप्त तेल जहाजों यानी शैडो फ्लीट को दूसरे देशों का झंडा और फर्जी दस्तावेज दिलाने में मदद करता था। इससे जहाजों की असली पहचान और मालिकाना हक छिपाकर अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने की कोशिश की जाती थी। अमेरिका का आरोप है कि सुनील शर्मा और उनकी पत्नी फर्जी वेबसाइटों और संस्थाओं के जरिए गुयाना, मोजाम्बिक समेत कई देशों के नाम पर जहाजों का रजिस्ट्रेशन कराते थे। यह नेटवर्क 2014 से सक्रिय बताया गया है। प्रतिबंधों के बाद संबंधित लोगों और कंपनियों की अमेरिका में मौजूद संपत्तियां फ्रीज कर दी गई हैं। अमेरिकी नागरिकों और कंपनियों के लिए इनके साथ कारोबार और वित्तीय लेनदेन पर रोक लगा दी गई है। अमेरिका ने तुर्किये की एक कंपनी पर भी ईरानी एयरलाइंस की मदद के आरोप में प्रतिबंध लगाए हैं।

शेयर बाजार में तूफानी तेजी सेंसेक्स 1700 अंक उछला

धनतेरस से पहले निवेशकों की चांदी

छह कारोबारी दिनों में सेंसेक्स 5,500 अंक चढ़ा, निफ्टी भी 24,440 के पार पहुंचा

यूनिक समय, नई दिल्ली। धनतेरस से एक दिन पहले गुरुवार, पांच नवंबर को भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 1,700 अंक यानी 2.15% उछलकर 79,000 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी 450 अंक यानी 2% की बढ़त के साथ 24,440 पर कारोबार करता दिखा। इस तेजी से निवेशकों की संपत्ति में 8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का इजाफा हुआ। बाजार में तेजी के पीछे चार प्रमुख वजहें मानी जा रही हैं। पहली वजह अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पार्टी की हार है। इससे ईरान युद्ध थमने की उम्मीद बढ़ी है। दूसरी वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट है। ब्रेंट क्रूड 94 डॉलर और अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 87 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। इससे भारत का आयात बिल कम होने की उम्मीद है। तीसरी वजह रिलायंस, इंफोसिस और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के मजबूत तिमाही नतीजे हैं। चौथी वजह डॉलर में कमजोरी की संभावना है, जिससे विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजारों की ओर रुझान बढ़ सकता है। शेयर बाजार में यह लगातार छठा कारोबारी दिन है, जब तेजी दर्ज की गई। 28 अक्टूबर से सेंसेक्स करीब 5,500 अंक चढ़ चुका है। निफ्टी ने भी 4 सितंबर के बाद पहली बार 24 हजार का स्तर पार किया।

अमित शाह ने राहुल गांधी को दी चुनौती, विशेष सत्र बुलाने को तैयार सरकार

गृह मंत्री बोले, मोदी सरकार हर मुद्दे पर संसद में चर्चा चाहती है

राहुल गांधी पर नकली संसद बनाकर कार्यवाही का मजाक उड़ाने का लगाया आरोप





यूनिक समय, नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए संसद की कार्यवाही और एसआईआर के मुद्दे पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने नकली संसद बनाकर देश की वास्तविक संसद की कार्यप्रणाली का मखौल उड़ाया है। शाह ने कहा कि मॉक पार्लियामेंट के जरिए चर्चा करने का नाटक करने के बजाय राहुल गांधी को संसद में आकर मुद्दों पर खुलकर बातचीत करनी चाहिए। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार संसद में हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार है। सरकार किसी भी विषय पर बातचीत से पीछे नहीं हट रही है।

उन्होंने राहुल गांधी से अपील की कि वे संसद की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलने दें, ताकि सदन में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो सके। शाह के मुताबिक, संसद लोकतंत्र का महत्वपूर्ण मंच है और यहां जनता से जुड़े विषयों पर बहस होनी चाहिए। ऐसे में सदन की कार्यवाही बाधित करने के बजाय विपक्ष को चर्चा में हिस्सा लेना चाहिए। गृह मंत्री ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर भी सरकार का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि यदि इस मुद्दे पर चर्चा की जरूरत है तो सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए भी तैयार है। शाह ने राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि अगर उनमें हिम्मत है तो वे देश की जनता के सामने एसआईआर के मुद्दे पर खुलकर चर्चा करें। उन्होंने संकेत दिया कि सरकार इस विषय पर सदन में बहस कराने से पीछे नहीं हटेगी। अमित शाह का यह बयान एसआईआर को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जारी राजनीतिक खींचतान के बीच आया है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है। वहीं, सरकार की ओर से इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार होने की बात कही जा रही है। शाह ने राहुल गांधी पर संसदीय चर्चा के बजाय मॉक पार्लियामेंट के जरिए राजनीतिक संदेश देने का आरोप लगाया। उनके बयान से साफ है कि एसआईआर का मुद्दा आने वाले दिनों में संसद और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का प्रमुख विषय बना रह सकता है।

चक्रवात अर्नब के पीड़ित परिवारों को ओडिशा सरकार से मिलेंगे 2500

4.30 लाख से ज्यादा परिवारों को मिलेगी आर्थिक मदद

सरकार ने एसडीआरएफ से 107.70 करोड़ रुपये किए मंजूर

यूनिक समय, नई दिल्ली। चक्रवात अर्नब से प्रभावित ओडिशा के परिवारों को राज्य सरकार आर्थिक सहायता देने जा रही है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने प्रभावित लोगों के लिए राहत पैकेज का ऐलान किया है। इसके तहत गंजाम और कोरापुट जिले के पात्र परिवारों को 2,500 रुपये की नकद मदद दी जाएगी। सरकार ने इसके लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) से कुल 107 करोड़ 70 लाख 82 हजार 500 रुपये मंजूर किए हैं। ओडिशा सरकार की ओर से 4 नवंबर को जारी जानकारी के मुताबिक, इस योजना का लाभ दोनों जिलों के कुल 4,30,833 प्रभावित परिवारों को मिलेगा। इनमें सबसे ज्यादा परिवार गंजाम जिले के हैं। यहां 4,29,782 परिवारों को 2,500 रुपये प्रति परिवार के हिसाब से सहायता दी जाएगी। इसके लिए 107 करोड़ 44 लाख 55 हजार रुपये मंजूर किए गए हैं। वहीं, कोरापुट जिले के 1,051 प्रभावित परिवारों को भी 2,500 रुपये की आर्थिक मदद मिलेगी। इसके लिए 26 लाख 27 हजार 500 रुपये जारी किए गए हैं। सरकार के मुताबिक, मंजूर की गई पूरी राशि संबंधित जिलों के कलेक्टरों को भेज दी गई है। अब जिला प्रशासन निर्धारित नियमों के अनुसार पात्र परिवारों तक सहायता राशि पहुंचाएगा। यह राहत पैकेज मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की ओर से घोषित आपदा सहायता योजना का हिस्सा है। सरकार का उद्देश्य चक्रवात से प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहारा देना है, ताकि वे अपनी जरूरी जरूरतें पूरी कर सकें और सामान्य जीवन की ओर लौट सकें।

महिला अस्पताल में डॉक्टर नदारद खाली चेंबरों के सामने भटकते रहे मरीज






चिकित्सकों के अभाव में खाली पड़े कक्ष। जिला महिला अस्पताल की गैलरी में बैठे मरीज और तीमारदार।

सुबह 9:15 बजे तक ओपीडी में नहीं पहुंचे चिकित्सक

दिल्ली से आई टीम का दिया हवाला

यूनिक समय, मथुरा। जिला महिला चिकित्सालय में बुधवार सुबह स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही सामने आई। ओपीडी का समय सुबह आठ बजे निर्धारित होने के बावजूद 9:15 बजे तक डॉक्टर अपने चेंबरों में नहीं पहुंचे। दूर-दराज से इलाज कराने आईं महिला मरीज और तीमारदार खाली चेंबरों के सामने भटकते और इंतजार करते रहे। यूनिक समय की टीम ने सुबह अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तो कई चेंबर खाली मिले। महिला मरीजों के साथ बच्चों का इलाज कराने आए तीमारदार भी चिकित्सकों के इंतजार में बैठे थे। अस्पताल के सीएमएस डॉ. अनिल कुमार पूर्वानी राउंड पर थे, लेकिन ओपीडी में चिकित्सक मौजूद नहीं थे। इस संबंध में सीएमएस ने बताया कि दिल्ली से टीम आई हुई थी। इसके चलते डॉक्टर समय से अपने चेंबरों में नहीं पहुंच सके। उन्होंने ओपीडी का समय सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक बताया। हालांकि, निर्धारित समय के सवा घंटे बाद तक चिकित्सकों के न पहुंचने से मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी।

यातायात माह में विद्यार्थियों को किया जागरूक, 2396 वाहन चालकों के चालान

यूनिक समय, मथुरा। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस ने यातायात माह के तहत जागरूकता और कार्रवाई दोनों तेज कर दी हैं। गुरुवार को शहर के स्कूल-कॉलेजों में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। वहीं, नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर अब तक 2396 चालान किए जा चुके हैं।

एसएसपी के निर्देशन में किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय और आचार्य चरण महाप्रभु श्रीमद वल्लभ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, औरंगाबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

नशे में वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का प्रयोग नहीं करने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक यातायात ने स्कूली बसों और अन्य वाहनों की जांच कर चालकों एवं परिचालकों को सुरक्षित परिवहन के निर्देश दिए। एएसपी यातायात और सीओ यातायात के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की है।

श्रीमद्भागवत कथा और दिव्य रासलीला महोत्सव का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन



श्री ब्रज चौरासी कोस कथा-दिव्य रासलीला महोत्सव को भूमि पूजन करते पदाधिकारी।

14 से 21 नवंबर तक बहेगी श्री ब्रज चौरासी कोस कथा की अमृतमयी रसधारा

14 को निकलेगी कलश शोभायात्रा

यूनिक समय, बलदेव। श्री राधारानी संकीर्तन मंडल और अग्रवाल समाज संगठन बलदेव क्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में 14 से 21 नवंबर तक आयोजित होने वाले श्री ब्रज चौरासी कोस कथा-दिव्य रासलीला महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को सारस्वत धर्मशाला स्थित कथा स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान गणेश का पूजन-अर्चन कर महोत्सव के निर्विघ्न और सफल आयोजन की कामना की गई। आयोजन समिति के संयोजक संजीव अग्रवाल ने बताया कि आठ दिवसीय महोत्सव में पद्मभूषण वात्सल्यमूर्ति साध्वी मां ऋतंभरा की कृपापात्र शिष्या महामंडलेश्वर साध्वी सत्यप्रिया गिरी के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत और श्री ब्रज चौरासी कोस कथा का रसपान कराया जाएगा। वहीं रासाचार्य देवेंद्र वशिष्ठ भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का भव्य मंचन करेंगे। 14 नवंबर को नगर में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। भूमि पूजन पर मुख्य यजमान रीना अग्रवाल, संजीव अग्रवाल और कथा के सूत्रधार बनवारी लाल गर्ग नेताजी, सुरेश चंद्र अग्रवाल, अग्रवाल समाज संगठन बलदेव क्षेत्र के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, दैनिक यजमान सुनील गर्ग, विकास अग्रवाल, छैलबिहारी गोयल, सुदीप बांसल, राकेश गर्ग, राजीव अग्रवाल, डॉ. दिलीप शर्मा, डॉ. जगदीश पाठक, डॉ. अवध तेहरिया, अविनाश, नियांश्री चंद्र अग्रवाल, सुनील गोयल, करण कटारा, मनोज बंसल, पवन गोयल, सोनू भैया, बसंत बंसल, उमेश बंसल, अजय सिंघल, कन्हैया अग्रवाल, माधव अग्रवाल, रिंकू सोनी, सुभाष अग्रवाल, नीटू सोनी, धर्मेंद्र उपाध्याय, दुर्गेश अग्रवाल, तनु अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, विपिन गोयल, लक्ष्मण शेषवीर यादव, लक्ष्मण सैनी, देवकीनंदन गर्ग और सुधीर अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।





डांडिया कार्निवाल में महिलाओं ने मचाया धमाल



डांडिया कार्निवाल में मौजूद अंतरराष्ट्रीय वैश्य महानगर की पदाधिकारी आदि।

यूनिक समय, मथुरा। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन मथुरा महानगर की महिला इकाई की ओर से अध्यक्ष माधुरी अग्रवाल की अध्यक्षता में डांडिया कार्निवाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में महिलाओं ने डांडिया, मनोरंजक खेलों और खरीदारी का जमकर लुत्फ उठाया। विभिन्न उत्पादों की स्टॉल और गेम्स के आकर्षण ने आयोजन को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष माधुरी अग्रवाल, खजानी केलफेयर सोसाइटी की संस्थापक शिप्रा राठी, महामंत्री मोहिनी बंसल, उपाध्यक्ष वंदना अग्रवाल और संरक्षिका ओमवती अग्रवाल ने मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेले में संस्था की महिलाओं ने गेम्स और विभिन्न उत्पादों की स्टॉल लगाईं। पोशाक, साड़ी, सूट और केक की स्टॉल पर महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। वंदना अग्रवाल और मोहिनी बंसल ने डांडिया खिलाकर महिलाओं को खूब झुमाया। ज्योति अग्रवाल और शशि अग्रवाल ने हाउजी का आयोजन किया। रंजना अग्रवाल, तृप्ति अग्रवाल, अंजू गोयल, पूजा भारतीया, अलका अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, ममता अग्रवाल, मंजरी अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल और अनुराधा अग्रवाल ने अलग-अलग गेम्स की स्टॉल लगाकर महिलाओं का मनोरंजन किया। आयोजन में मधुबाला अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, एकता बंसल, अनिता खंडेलवाल, राज खंडेलवाल, प्रेमवती गुप्ता, सुधा अग्रवाल, रीना अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, रीता अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, आशा अग्रवाल, उर्मिला अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, सरोज गुप्ता और सुधावाला गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

एलईडी डांडिया स्टिक्स की रोशनी में झूमे जायंट्स युगल

गरबा नृत्य और मनोरंजक खेलों ने बांधा समां



कार्यक्रम में मौजूद जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा के सदस्याएं।

यूनिक समय, मथुरा। जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा की ओर से जैत-वृंदावन मार्ग स्थित एक रिसोर्ट में अध्यक्ष प्रदीप फौजदार की अध्यक्षता में डांडिया नाइट आयोजित की गई। अहमदाबाद से मंगाई गई रंग-बिरंगी एलईडी डांडिया स्टिक्स के साथ जायंट्स युगलों ने फिल्मी गीतों पर गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। गायक कलाकार ऋषभ और मनोज शर्मा के गीतों पर युगल जमकर थिरके। रश्मि-दिनेश अग्रवाल, रचना-मनीष अरोड़ा, नीलिमा-गिरीश अग्रवाल, बीना-रवि गर्ग, सीमा-पीयूष जैन, अंजना-यादवेंद्र अग्रवाल, रितिका-जितेंद्र मित्तल, डॉ. शैफाली-डॉ. ललित वार्ष्णेय सहित अन्य युगलों ने नृत्य प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में व्यक्तित्व विकास से जुड़े सवाल-जवाब, पार्सल पासिंग, महिलाओं के श्रृंगार संबंधी गेम्स, फिल्मी गीतों की धुन पहचानने और हाउजी जैसे खेल भी हुए। प्रतियोगिताओं के विजेताओं डॉ. अशोक अग्रवाल, डॉ. शैफाली वार्ष्णेय, गरिमा सिंघल, सबिका, ममता, पराग, नीलम, अनुराग अग्रवाल, अर्चना मित्तल और बीना गर्ग को प्रथम महिला मिताली फौजदार ने पुरस्कृत किया। गरबा नृत्य में तनुज-गरिमा सिंघल और रुक्मिणी-राधारमण अग्रवाल विजेता रहे। संचालन मनोज शर्मा ने किया। अध्यक्ष प्रदीप फौजदार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनीता-तेज मानिक, अंशु-गोपाल अग्रवाल, निधि-नितिन जैन, राधिका-गौरसरण अग्रवाल, भाग्यश्री-मनोहर गंगवानी, संगीता-प्रदीप सामरिया, छाया-उमेश अग्रवाल और कल्पना-सुनील वर्मा सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।